FORM NO.III

फर्द अहकाम (नियम 26)

अज अदालत अपर जिला न्यायाधीश संख्या-1, मुकाम झुन्झुनू

दीवानी वाद संख्या-05/21 (CIS 18/21)

ललिता सोनी बनाम रामगोपाल व अन्य

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
07.10.2025	वादी अधिवक्ता उपस्थित नहीं। अधिवक्ता प्रतिवादीगण उपस्थित।। पत्रावली आज प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 22 नियम 4 व 10 सपठित धारा 151 सिविल प्रक्रिया संहिता की बहस हेतु नियत है। वादी अधिवक्ता के जूनियर अधिवक्ता ने निवेदन किया कि अधिवक्ता श्री इंद्रजीत शर्मा दीगर न्यायालय में 30 वर्ष पुराने प्रकरण में पैरवी हेतु व्यस्त होने के कारण इस प्रकरण में उपस्थित नहीं हो सके और बहस हेतु अवसर चाहा। पत्रावली लक्षित प्रकरणों की सूची में 55 वें नंबर पर है, जिसका शीघ्र निस्तारण अपेक्षित है। अतः प्रकरण में आगामी कार्यदिवस की तारीख पेशी नियत की जाती है। आगामी पेशी पर उभय पक्ष अधिवक्तागण प्रार्थना पत्र पर आवश्यक रूप से बहस करें। पत्रावली वास्ते उचित आदेश/बहस प्रार्थना पत्र दिनांक 08.10.2025 को पेश हो। अपर जिला न्यायाधीश संख्या झुंझुनूं